प्रेषक,

निदेशक,खेल उ0प्र0
खेल निदेशालय,खेल भवन
लखनऊ।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव
खेल,उ0प्र0 शासन
लखनऊ

पत्रांक जी– 1534 /नि0 विविध पत्रा0/ 2022–23 दिनांक 28 मार्च,2023

विषय **मा0 मुख्यमंत्री जी के आन लाइन सन्दर्भ पर आख्या उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के माध्यम से मा0 मुख्यमंत्री जी के आन लाइन सन्दर्भ संख्या 60000230038543 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

श्री प्रदीप सिंह द्वारा, मा0 प्रधानमंत्री जी, मा0 राज्यपाल महोदय, मा0 मुख्यमंत्री जी,उ0प्र0 एवं केंद्रीय मंत्री खेल कूद, भारत सरकार, नई दिल्ली को UP global Investor Summit के सफल आयोजन के लिए बहुत बहुत बधाई देते हुए अवगत कराया है कि शीघ्र ही प्रदेश के विकास को नई गति प्राप्त होगी। पत्र में उल्लिखित किया गया है कि " इसी प्रयास की कड़ी में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के डायरेक्टर युद्धवीर सिंह द्वारा बनारस में माननीय प्रधानमंत्री के क्षेत्र में एक क्रिकेट स्टेडियम बनाने के लिए एक MOA भी साइन किया गया। जिसकी तारीफ सभी जगह की गई। आपको अब इस MOA को हकीकत एवं उनकी मंशा से अवगत कराते है। पिछले कई साल से हुई एजीएम/एपेक्स काउंसिल की सभी बैठकों में कभी भी बनारस में क्रिकेट स्टेडियम बनाने के लिए कोई भी निर्णय तो छोड़िए जिक्र भी नही हुआ और तो और हाल में 20/01/2023 को हुई बैठक में भी कोई वार्तालाप नहीं हुआ। मान्यनीय बॉम्बे उच्च न्यायालय में खुद युद्धवीर सिंह द्वारा एक शपथ पत्र में कहा गया है की सारे निर्णय एपेक्स काउंसिल की बैठकों में लिए जाते है इसमें डायरेक्टरों का कोई रोल नहीं है। अचानक ही युद्धवीर सिंह स्वयं निर्णय लेते हुए आपकी इस summit में भाग लेने चले गए और आनन फानन में MOA साइन कर दिया। यह निर्णय युद्धवीर सिंह पर लगे फर्जी दस्तावेज पर कॉलेज में नौकरी नियमित करने के आरोप से बचने एवं सरकार के उच्च अधिकारियों से संपर्क कर अपने को बचाने की कवायद के कारण किया था। क्योंकि हाल में ही माननीय महामहिम राज्यपाल महोदय द्वारा उनके ऊपर जांच समिति बैठाई थी और न्यू पेपर द्वारा समाचार मिला था की युद्धवीर के आधार प्रयासों के बावजूद जांच रिपोर्ट उनके खिलाफ दी गई थी। अतः आप से अनुरोध है की आप अविलंब इनके रिकॉर्ड की जांच करे जिससे आपको सच्चाई का पता लगे और सरकार के साथ आंखों में धूल झोंकने की एवं फर्जी MOA साइन करने की उचित सजा दे। यह MOA सिर्फ प्रदेश सरकार को छलावा देना है जबकि 10/2/2023 को गाजियाबाद स्टेडियम पर बैठक दिल्ली में की गई थी। "

श्री प्रदीप सिंह द्वारा इनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में शासन स्तर पर निर्णय लेने का कष्ट करें।

भवदीय

(डा0 आर0पी0 सिंह)
निदेशक

संख्या एवं दिनॉक तदैव।

प्रतिलिपि सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी,उ0प्र0 शासन लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(डा0 आर0पी0 सिंह)
निदेशक

विविध सन्दर्भ